






## मरहबा या मुस्तफा के नारों से गूंजा नगर मुस्लिम समाज ने निकाला जुलूस



**निवाली।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नगर में मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। जिसमें वरिष्ठों सहित बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जुलूस हाजी कॉलोनी से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए सेंधवा रोड़ स्थित काले खां पीर बाबा की दरगाह पहुंचा। जहां फातेहा पढ़कर दुआ के बाद बस स्टेशन से वापस हाजी कॉलोनी पहुंचा। जुलूस का जगह-जगह स्वागत कर तबरूक बाटा गया। इस अवसर पर नगर में सुबह से हो रही बारिश के बावजूद भी आशिक ए रसूलों का जुलूस में उत्साह भरपूर दिखाई दिया। छोटे बच्चों ने भी जुलूस के साथ बारिश का आनंद लिया। दरुदो सलाम फतेहा ख्वानी के साथ देश में अमन और शांति एवं देश के कई इलाकों में आई प्राकृतिक आपदा में परेशान लोगों के लिए दुआ की गई। जुलूस में तहसीलदार मौर्य, नगर परिषद सीएमओ रूपसिंग सोलंकी, थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी एवं टीम को मुस्लिम समाज ने विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## विधायक ने किया डायल 112 वाहन का शुभारंभ जनता की सेवा के लिए किया समर्पित



**निवाली।** नगर के थाने में विधायक द्वारा डायल 112 वाहन का शुभारंभ कर जनता की सेवा के लिए समर्पित किया गया। मध्यप्रदेश शासन की डायल 112 योजनांतर्गत विधायक श्याम बर्डे के कर कमलों द्वारा डायल 112 वाहन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि 112 सेवा आमजन की सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए एक अहम कदम है। इसके माध्यम से नागरिकों को आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध होगी। उन्होंने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह सेवा थाना क्षेत्र के हर नागरिक को सुरक्षा का भरोसा दिलाएगी। शुभारंभ अवसर पर थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी, श्याम पंडित, नरेंद्र सिसोदिया, नंदकिशोर शर्मा, अखिलेश सोनी, संतोष राठौर जानी तथा अन्य नागरिक उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने बताया कि कि 112 पुलिस वाहन आमजन की शिकायतों और आपात कॉल्स पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचेंगे। इस सेवा से अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी तथा जनता का भरोसा और मजबूत होगा।

# पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

### मुस्लिम समाज ने शहर में निकाला भव्य जुलूस, मरहबा या मुस्तफा की गूंजी सदाएं, पुष्पवर्षा से जगह-जगह हुआ स्वागत, इज्तेमाई शादी का आयोजन, हजारों लोगों ने ग्रहण किया लंगर

**बड़वानी, ( नवभारत )।**
मुस्लिम समाज ने पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहों अलैय ही व सल्लम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया तथा दोपहर में इज्तेमाई शादी का आयोजन हुआ। जिसमें शहर सहित आसपास क्षेत्रों से पहुंचे दूल्हा-दुल्हन के निकाह हुए। शाम को हुए नज़र ए नबी विशाल लंगर में बड़ी संख्या में समाजजनों ने लंगर ग्रहण किया।

शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे पाला बाजार से प्रारंभ हुआ भव्य जुलूस प्रमुख मार्गों से होकर पाला बाजार पहुंचा। जहां मस्जिदों के ईमाम साहब मंच पर मौजूद रहे। ईमाम इमरान साबरी साहब ने कुरआन की तिलावत से प्रोग्राम का आगाज़ किया। अंत में सलाम पेश करने के बाद मौलाना जब्बार नूरी साहब ने मुल्क में अमन और तरक्की की दुआ की। फातेहा ख्वानी कर समाजजनों ने तबरूक बांटा। जुलूस मार्ग में चौक-चौराहों पर पुष्प और इत्र वर्षा कर जुलूस में शामिल समाजजनों का भव्य स्वागत किया गया। मस्जिदों के ईमाम साहब फूलों की लड़ियों से




सजी-धजी ट्रेक्टर ट्रॉली में संवार थे। वहीं दो घोड़ों पर समाज के वरिष्ठ चल रहे थे। कार्यक्रम में सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कज़ात सदर एडवोकेट कय्युम कुरेशी, नायब सदर एडवोकेट नुरूज्जमा शेख सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे। माजिद शेख ने सभी का आभार व्यक्त किया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन पूरा समय मुस्तैद नजर आया।

वहीं दूसरी ओर जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहों अलैय ही व सल्लम की सुन्नत पर अमल करते हुए शौकत एंड फरीद फ्रेंड्स सोशल ग्रुप ने जरूरतमंदों को भोजन कराया। ग्रुप के मजहर शेख और सादिक पटेल ने बताया कि पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर शुक्रवार को दीनदयाल रसोई केंद्र पर पहुंच जरूरतमंदों को भोजन कराया गया।

**पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**
- शहर में निकले जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।
- फातेहा ख्वानी के बाद वितरित किया तबरूक।

## बारिश से नदी नालों में आया उफान

**पानसेमल।** क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर तेज बारिश से नदी नालों में उफान आाया। गुरुवार रात्रि से हो रही बारिश सुबह से दोपहर तक जारी रही। खड़की, रायखेड़, बंधारा, जलगोन, दौंडवाडा, खड़ीखम, चिखल्दा क्षेत्र में छोटे नालों एवं नदियों में दिनभर पानी का तेज बहाव रहा। ग्रामीण इलाकों में कही-कही खेतों में पानी घुसने से नुकसान पहुंचा है। बंधारा बुजुर्ग में पुलिया पर पानी रहा, साथ ही बंधारेश्वर महादेव मंदिर में भी पानी घुस गया। खड़की में पुलिया पर पानी के तेज बहाव को देखने ग्रामीण पहुंचे। स्थिति की जानकारी लेने के लिए तहसीलदार सुनील सिसोदिया ने राजस्व अमले एवं थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने पुलिस स्टॉफ के साथ भ्रमण किया। वरिष्ठों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा की एवं ग्रामीणों को तेज बहाव में पुलिया पार नहीं करने को कहा। खड़ीखम और निवाली के बीच घना कोहरा भी छाया रहा। ललवानिया, वांगरा, झेंडियाकुंडिया व अन्य डेमों का जलस्तर बढ़ गया है। 30 से 32 मिमी तक वर्षा दर्ज हो चुकी हैं। शनि मंदिर के निकट पुलिया पर नप ने बेरीकेट लगाए, वार्ड 15 के रहवासियों ने बताया कि वे नदी किनारे वर्षों से निवासरत हैं और मिट्टी का कटाव लगातार होने से परिवारों में अप्रिय घटना का भय बना हुआ है। इस ओर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा हैमौके पर पार्षद प्रतिनिधि महेश गोले ने पहुंचकर सीएमओ से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है। नगर परिषद की टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जाकर सतर्कता बरतने को कहा जा रहा है।



## शिक्षकों का किया सम्मान

**निवाली, ( नवभारत )।**
मप्र शिक्षक संघ तहसील एवं विकासखंड इकाई द्वारा सेवा निवृत्त हुए शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें शशिकला सिसोदिया, रामलाल पिपलोदे, शिवा मालविया, प्रदीप भट्ट, राजाराम मोरे, उषा चौहान, उषा सोनोने को सम्मानित किया। वहीं आशा अमृत वाणी परिवार की ओर से सभी शिक्षकों एवं अतिथियों को पेन भेंट की गई। इस अवसर पर पानसेमल एसडीएम रमेश सिसोदिया, तहसीलदार मोरे, जनपद सीईओ विरल पटेल, बीईओ पीसी शर्मा, शिक्षक ब्लाक अध्यक्ष शीतल शर्मा, महेंद्र गोयल, संगीता सत्या, अनिता सोलंकी, शांति पवार, सरिता गुप्ता, शीतल पटेल, अन्नू सोलंकी, संजय गुप्ता, कन्हैया सिसोदिया, ओमप्रकाश राठौड़, वाइस शेख, सतीश मंडलोई, उपस्थित थे। संचालन भीमराज पवार ने किया व आभार शीतल शर्मा ने माना।



**एक नजर में**

**थाने चौराहे के महाराज फ्रेंड्स ग्रुप मित्र ने किया आयोजन, उमड़ा जनसैलाब**

## खाटू श्याम भजन का संध्या में झूमे श्रोता

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी 06 सितम्बर.**
शहर सहित जिलेभर में गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हो रहे हैं, जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थापित पांडालों में प्रतिदिन भक्ति, संगीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रंगारंग झलक देखने को मिल रही है। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि को थाने चौराहे के महाराजा फ्रेंड्स ग्रुप मित्र मंडल समिति द्वारा शहर के



पुराने क्लेक्टर कार्यालय के सामने खाटू श्याम भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर पुष्प, इत्र वर्षा और 56 भोग की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन, भगवान गणेश व हनुमान वंदना से की गई। इसके बाद भजन संध्या का शुभारंभ हुआ, जिसमें कलाकारों ने भक्ति रस में डूबी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर धामनोद से आए हिमांशु सिंघल, सेंधवा ओजस शर्मा और धामनोद आयुषी यादव ने श्याम तेरे भक्तों का तेरा ही सहारा भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सभी ने भी श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों से देर रात तक भक्तों को भक्ति-सागर में डुबो रखा।

**यह रहे उपस्थित**
कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में मित्र मंडल के सदस्य, नागरिक एवं श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# भाजपा ने वोट चोरी से अपनी सरकार बनाई : चौधरी

- बारिश के बीच कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन
- मुझे जला दो, लेकिन नशा बंद करवा दो : पटवारी

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. आज बारिश के बीच कांग्रेस ने मोदी और प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बारिश में भीगकर भी डटे रहे. कांग्रेस ने उक्त प्रदर्शन एआईसीसी के निर्देश पर वोट चोरी को लेकर किया. प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे. कल रात से हो रही लगातार बारिश के बावजूद आज कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत जमकर प्रदर्शन किया. कांग्रेस के प्रदर्शन में आज भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे. कांग्रेस ने तत्काल कार्यकर्ताओं के लिए एक ओर नया डोम लगवाया, जो भी भर गया था. गिरते पानी में कांग्रेस प्रदर्शन और सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं और कार्यकर्ताओं के भीड़ कम नहीं हुई, बल्कि और बढ़ती गई. कार्यकर्ता भीगते रहे, लेकिन सभा में उपस्थित रहे.**

**अब जनता को हकीकत पता चली** -प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वोट चोरी के माध्यम से अपनी सरकार बनाई है. अब जनता को वोट चोरी की हकीकत मालूम पड़ गई है. अब आगे से भाजपा इस तरह से सरकार नहीं बना पाएगी. चौधरी ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में और इंदौर में भाजपा ने लाखों वोटो की चोरी की है. झूठे, गलत और एक व्यक्ति को दो स्थानों का वोटर बनाकर वोट की चोरी की गई है. अब कांग्रेस इस वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है. आने वाले समय में भाजपा चोरी के वोट से सरकार नहीं बना पाएगी.




**यह प्रमुख थे शामिल**
आम सभा और प्रदर्शन में पं. कृपा शंकर शुक्ला, रमेश उस्ताद यादव, राजेश चौकसे, अनवर खान, जितेंद्र सिंह ठाकुर, नीलाभ शुक्ला, अनिल यादव, प्रमोद द्विवेदी, संतोष सिंह गौतम, अर्चना जायसवाल, रघु परमार, बालमुकुंद गौतम, इंदौर प्रभारी रवि जोशी, अवनीश भार्गव, विनय बाकलीवाल, शैलेश गर्ग, शेख आलिम, पार्षद राजू भदौरिया, यशस्वी पटेल,अनवर दस्तक, अनसाफ़ अंसारी, रफीक ख़ान, कुणाल सोलंकी, सेफ़ू वर्मा, सुदामा चौधरी, सादिक़ ख़ान, इक़बाल ख़ान, गिरधर नागर, रमेश यादव उस्ताद, विनोद चौकसे, राजा चौकसे, जिला महिला अध्यक्ष रीता डागरे, शशि हाड़ा, अमित चौरसिया, इम्तियाज बेलिम, प्रमोद द्विवेदी, सच सलूजा, प्रवेश अग्रवाल, ओम सिलावट, अमित चौरसिया, मुकेश यादव , शैलेष केमरे, राजा पटेल, नागेश जाधव, सुनील जाधव, विकास जाटवा. एवं अन्य कार्यकर्ता और बड़े नेता उपस्थित थे.

**नशे की तरफ जाने से रोकें**
सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर में सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम नई पीढ़ी के बच्चों को नशे की तरफ जाने से रोकें. मैंने ताई से और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आग्रह किया है कि नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया जाए. कांग्रेस आपके साथ है. नए बच्चे पब में जा रहे हैं और पब में क्या हो रहा है यह सभी को मालूम है. मैंने ताई से कहा है कि आप स्थिति को देखिए. मेरा पुतला जलाने से कुछ नहीं होगा. मैं तो कहता हूं कि मेरा पुतला नहीं मुझे जला दो, लेकिन इंदौर में नशा बंद कर दो. मेरी बात को भाजपा के द्वारा बदल दिया गया. सुमित्रा महाजन मेरी दादी के समान है और किसी की मां को हम गाली नहीं दे सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली भाजपा के कार्यकर्ता ने दी है. लेकिन भाजपा के द्वारा कांग्रेस को बदनाम किया जा रहा है. भाजपा के नेताओं को यह बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि भाजपा ने सोनिया गांधी को पता नहीं क्या क्या कहा है.

### 69 हजार फर्जी वोट

जीतू पटवारी ने कहा कि आज वोट चोरी को लेकर आंदोलन किया जा रहा है, मेरी विधानसभा में भी 69 हजार फर्जी वोट बढ़ा दिए गए. मैंने शिकायत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक दरवाजा खटखटाया है. मेरी विधानसभा में 11 हजार वोटर 4 नंबर विधानसभा के जोड़ दिए गए और वोट चोरी का भाजपा ने अधिकारियों के साथ मिलकर षडयंत्र रचा है.

**मिलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे**- शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे. आज भारी बारिश होने के कारण बहुत से लोग जो इस आंदोलन में भाग लेने के लिए आने वाले थे, वह नहीं आ सके हैं. आने वाले समय में हम आज से 4 गुना ज्यादा भीड़ के साथ आंदोलन करेंगे.

**इन्होंने भी किया संबोधित**- सभा को इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश भार्गव, शहर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी रवि जोशी, पूर्व शहर अध्यक्ष कृपा शंकर शुक्ला और विनय बाकलीवाल ने भी संबोधित किया. अंत में ज्ञापन का वाचन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने किया. आभार महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सोनाली मिमरोट ने किया. सभा का संचालन कांग्रेस नेता संजय बाकलीवाल ने किया.

**दोनों अध्यक्षों ने किया कार्यभार ग्रहण**-आज आंदोलन के पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े राजवाड़ा पर देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद दोनों नेता कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन पर पहुंचे और पूजन अर्चन कर कार्यभार ग्रहण किया.

# आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, 250 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा

**इंदौर. शहर में आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक करीब 250 करोड़ रुपए की बोगस बिलिंग और टैक्स चोरी का पर्दाफाश हुआ है. सबसे बड़ी गड़बड़ी इंदौर के डीसेंट मेडिकल और भोपाल के साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड में सामने आई, जहां 150 करोड़ की टैक्स चोरी का पता चला है. वहीं, मेडिकल डिवाइस सप्लायर राजेश गुप्ता के यहां से 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की गड़बड़ी पकड़ी गई है.**

आयकर अफसरों की टीम फिलहाल दोनों शहरों में जांच जारी रखे हुए है. कार्रवाई इंदौर, भोपाल, मुंबई समेत 30 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ की जा रही है. सूत्रों के अनुसार अब तक करोड़ों रुपए नकद और बड़ी मात्रा में बोगस बिलिंग से जुड़े दस्तावेज जब्त किए जा चुके हैं. वहीं मेडिकल डिवाइस सप्लायर राजेश गुप्ता के यहां से आयकर टीम को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की फर्जी बिलिंग से जुड़े कागजात मिले हैं. इसके अलावा 12 लाख नकद और एक लॉकर सीज किया गया है, जिसे आज खोला जाएगा. जांच में गुप्ता के विदेशी लिंक भी उजागर हुए हैं. टीम को युगांडा में किए गए निवेश और रियल एस्टेट कारोबार में खपाए गए पैसे से जुड़े दस्तावेज भी हाथ लगे हैं. एमआर-5 कॉलोनी स्थित डीसेंट मेडिकल्स में बुधवार से कार्रवाई चल रही है. यहां से दो करोड़ रुपए नकद बरामद हुए हैं, जबकि सीज लॉकर को आज खोला जाएगा. वहीं, भोपाल के एमपी नगर स्थित साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़े संस्थानों के ठिकानों पर भी छापे जारी हैं.



**ऐसे चल रहा था खेल...**
आयकर विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि संदिग्ध संस्थान कम कीमत पर दूसरे राज्यों और विदेशों से मेडिकल डिवाइस मंगाकर ऊंचे दामों पर सप्लाई कर रहे थे. टैक्स बचाने और फर्जी बिलिंग के जरिए करोड़ों रुपए का लेन-देन किया. पूरे मामले की जांच अभी जारी है और विभाग का मानना है कि छापेमारी पूरी होने के बाद टैक्स चोरी का आंकड़ा और भी बड़ा निकल सकता है.

# बैंक में महिला के झोले से 50 हजार गायब

### सीसीटीवी फुटेज में लाल-हरी साड़ी वाली संदिग्ध महिला कैद

**इंदौर. सार्वजनिक बैंक शाखा में लापरवाही का फायदा उठाकर एक महिला के बैग से 50 हजार रुपए पार कर दिए गए. वारदात इतनी सफाई से हुई कि पीड़िता को पता तक नहीं चला. अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिला की तलाश में जुटी है.**

टीआई रणजीतसिंह बघेल ने बताया कि पीड़िता मंजुबाई, निवासी देपालपुर, मंगलवार दोपहर एसबीआई इंदौर नाका शाखा से रुपए निकालने पहुंची थीं. काउंटर से कैश मिलने के बाद उन्होंने रकम अपने झोले में रख ली. लेकिन कुछ ही देर में यह रकम गायब हो गई. बैंक के सीसीटीवी फुटेज में सामने आया कि उसी समय काउंटर के पास एक पुरुष ग्राहक खड़ा था और बीच में लाल-हरी साड़ी पहनी एक महिला आई, जिसने इधर-उधर नजर दौड़ाई और फिर वहां से खिसक गई. थोड़ी देर बाद मंजुबाई ने जब झोले को देखा, तो उसमें रखे 50 हजार रुपए गायब थे. महिला ने तुरंत बैंक प्रबंधन को सूचना दी. फुटेज देखने के बाद पुलिस ने आशंका जताई कि वही संदिग्ध महिला रकम निकालकर ले गई होगी. फिलहाल, पुलिस उसकी पहचान और तलाश में जुटी है.